**दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू**
**सत्र - 2024-25**
**अर्धवार्षिक परीक्षा (SAMPLE PAPER)**

**कक्षा : नवमी** **विषय : हिन्दी**

***सामान्य निर्देश :***

1. **प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं।**
2. **प्रश्नों में उचित आन्तरिक विकल्प दिए गए हैं ।**
3. **निर्देशानुसार सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**
4. **सभी प्रश्नों के उत्तर यथासंभव क्रमानुसार देने का प्रयास करें।**

---

**खंड-क**

प्रश्न 1) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए:

प्रारंभ में विवेकानंद को भारत में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त नहीं हुआ, पर जब उन्होंने अमेरिका में नाम कमा लिया, तो भारतवासी उनका स्वागत करने के लिए मालाएँ लेकर दौड़े। रवींद्रनाथ ठाकुर को भी जब नोबेल पुरस्कार मिला तो बंगाली लोग दौड़े यह राग अलापते हुए-" अमादेर सोनार कंठेर सुपूत ...।" दक्षिण भारत में कुछ समय पहले एक भरतनाट्यम और कथकली को कोई नहीं पूछता था पर जब उसे विदेशों में मान मिलने लगा, तो आश्चर्य से भारतवासी सोचने लगा-'अरे, हमारी संस्कृति में इतनी अपूर्व चीजें भरी पड़ी हैं क्या....' यहाँ के लोगों को अपनी संस्कृति नजर नहीं आती, परंतु पराए के सौंदर्य को देखकर मोहित हो जाते हैं। जिस देश में जन्म पाने के लिए मैक्समूलर ने जीवन भर प्रार्थना की, उस देश के निवासी आज जर्मनी और विलायत जाने में स्वर्ग जैसा अनुभव करते हैं।

उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए-

1. अमेरिका में नाम कमाने के पश्चात भारत में विवेकानंद को सम्मान मिलना हमारी किस मनोवृत्ति को दर्शाता है?

(क) नासमझी (ख) मंदबुद्धि (ग) भारतीयता का अभाव (घ) पश्चिमी अंधानुकरण

2. रवींद्रनाथ ठाकुर को कौन-सा विश्व प्रसिद्ध पुरस्कार प्राप्त हुआ ?

(क) भारत रत्न (ख) नोबेल पुरस्कार (ग) शांति पुरुष (घ) स्वर्ण पदक

3. नृत्य से जुड़ी किन कलाओं को विदेशों में भरपूर प्रशंसा प्राप्त हुई ?

(क) भांगड़ा (ख) भरतनाट्यम (ग) कथकली (घ) कथकली तथा भरतनाट्यम

4. बंगाली लोग कौनसा राग अलापते हुए दौड़े और क्यों?

5. गद्यांश में किस समस्या को उठाया गया हैं?

2.निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए:

अनुशासन समाज के नैतिक नियमों का भी हो सकता है और कानून की धाराओं का भी हो सकता है। उदाहारण के लिए किसी मंदिर गुरुद्वारे या मस्जिद में जाने से पहले जूते उतार देना धार्मिक अनुशासन का पालन है। सड़क पर बाई ओर चलना या जहाँ जाना मना हो, वहाँ न जाना; कानून के अनुशासन का पालन है। समय का पालन करना सामाजिक नियमों का पालन है। ठीक समय पर कहीं पहुँचना अनुशासन ही सिखाता है और लाभ भी पहुँचाता है। हमें हर तरह के अनुशासन का सामान्य ज्ञान होना चाहिए; जैसे- किसी सभा में शोर मचाना अनुचित है। किसी वक्ता को अपनी बात कहने देने का मौका न देना अशिष्टता है। राष्ट्रगान के दौरान बैठे रहना या चलना या झूमना अशिष्ट व्यवहार है। जहाँ सब लोग बैठे हो, वहाँ लेट जाना या पैर फैलाना बहुत अनुचित है।

1. किसी धर्मस्थल में जाकर वहाँ के नियमानुसार आचरण करना किस प्रकार के अनुशासन में आता है।

(क)सामाजिक अनुशासन । (ख) धार्मिक अनुशासन ।
(ग) राजनैतिक अनुशासन । (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं ।

2. सड़क पर बाईं तरफ चलना किस अनुशासन का हिस्सा है?

(क) सामाजिक अनुशासन । (ख) धार्मिक अनुशासन ।
( ग) कानून संबंधी अनुशासन (घ) नैतिक अनुशासन ।

3.निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए।तत्पश्चात दिए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनिए|

कथन(A) :जहाँ सब लोग बैठे हो, वहाँ लेट जाना या पैर फैलाना अनुचित है।
कारण (R):राष्ट्रगान के दौरान बैठे रहना या झूमना ।
क) कथन (A) सही है , कारण (R) गलत है।
ख) कथन (A) गलत है , कारण (R) सही है।
ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।
घ) कथन (A) और कारण (A) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।
4. धार्मिक अनुशासन का पालन कैसे किया जाताहै?
5. अनुच्छेद में कौन- कौनसी बातें अनुचित है ?

खंड ख व्याकरण पर आधारित प्रश्न

3. (क) शब्द पद कब बन जाता है?
(ख) शब्द की कोई 2 विशेषताएँ लिखिए।
(ग) <u>राम</u> आम खा रहा है। - रेखाकिंत क्या कहलाएगा ?
4. निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार तथा अनुनासिक का प्रयोग कीजिए-
अक, आधी ,सगति, काच
5. (क)आई तथा इक प्रत्यय के योग से एक -एक शब्द बनाइए।
(ख) निम्नलिखित उपसर्गों से एक-एक शब्द बनाइए।
(I) सु (ii) सम्
6. निम्नलिखित वाक्यों के अर्थ के आधार पर भेद बताइए।
(I) नदी में बाढ़ आई है।
(II) मैं कल लखनऊ नहीं जाऊँगा
(III) कल तुमने क्या खाया था?
(IV) शायद आज बारिश होगी।
7. निम्नलिखित वाक्यों में विराम चिन्ह लगाइए।
(I) हे प्रभु अब यह जीवन मौका तुम ही से पर लगेगी
(II) डॉ अशोक जायसवाल एम ए पी एच डी है
(III) रमेश सुरेश महेश और नितेश घूमने गए
(IV) राम ने श्याम से कहा अपना काम करो

**खंड-ग**

8.निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए:
लड़का परसों सुबह मुँह-अंधेरे बेलों में से पके खरबूजे चुन रहा था। गीली मेड़ की तरावट में विश्राम करते हुए एक साँप पर लड़के का पैर पड़ गया। साँप ने लड़के को डंस लिया। लड़के को बुड़िया माँ बावली होकर ओझा को बुला लाई, झाड़ना-फूँकनाहुआ। नागदेव की पूजा हुई। पूजा के लिए दान-दक्षिणा चाहिए। घर में जो कुछ आटा और अनाज था, दान दक्षिणा में उठ गया। माँ वह और बच्चे भगवाना से लिपट लिपटकर रोए, पर भगवाना जो एक दफे चुप हुआ फिर न बोला।
जिंदा आदमी नंगा भी रह सकता है, परंतु मुर्दे को नंगा कैसे विदा किया जाए ? उसके लिए तो बजाज की दुकान से नया कपड़ा लाना ही होगा, चाहे उसके लिए माँ के हाथों के छन्नी- ककना ही क्यों न बिक जाएँ।
1. लड़का मुँह-अंधेरे क्या कर रहा था?
क) पके खरबूजे चुन रहा था (ख) सैर कर रहा था(ग) सिंचाई कर रहा था (घ) साँप खोज रह
2. बुढ़िया ने सांप का जहर उतारने के लिए क्या उपाय किया?
(क) ओझा को बुला लाई (ख) झाड़-फूँक करवाई
( ग) नागदेव की पूजा करवाई (घ) उपर्युक्त सभी

3. भगवाना कौन था?

(क) बुढ़िया का बेटा (ख)कृषक (ग) फल-विक्रेता (घ) इनमें से कोई नहीं

4. मुर्दे के लिए क्या जरूरी है?

(क) दवा (ख)नया कपड़ा (ग) लकड़ी (घ) छन्नी-ककना

5. निम्नलिखित कथन A तथा कारण R को ध्यान पूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कथन( A) भगवान शहर में नौकरी करताथा।

कारण( R) भगवान को साँप ने डस लिया था।

(i) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ii) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।

(iii) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(iv) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

9..निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में दीजिए-

(क) लेखक ने बुढ़िया के दुख का अंदाजा कैसा लगाया?

(ख) नजदीक से एवरेस्ट को देखकर लेखिका को कैसा लगा?

(ग) अतिथि सदैव देवता नहीं होता वह मानव और थोड़े अंशों में राक्षस भी हो सकता है इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

(घ) बाजार के लोग खरबूजे बेचने वाली स्त्री के बारे में क्या-क्या कह रहे थे अपने शब्दों में लिखिए।?

10निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर संबंधित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

बिगरी बात बनै नहीं, लाख करौ किन कोय।
रहिमन फाटे दूध को, मथे न माखन होय ।।
रहिमन देखि बड़ेन को, लघु न दीजिये डारि ।
जहाँ काम आवे सुई, कहा करे तरवारि ॥

1. कवि ने किस बात पर बल दिया है?

(क) सोच-समझकर बोलने पर
(ख) सामूहिक बात
(ग) जान-बूझकर बोलने पर
(घ) इनमें से कोई नहीं

2. मक्खन कैसे दूध से निकालना संभव होता है?

(क) सही दूध को मथने से
(ख) गरम दूध को मथने से
(ग) फटे दूध को मथने से
(घ) ठंडे दूध को मथने से

3.बिगड़ी बात को कैसे बनाया जा सकता है?

(क) लाख प्रयत्न करके
(ख) लगातार प्रयत्न करके
(ग) अनर्गल संवाद करके
(घ) बिगड़ी बात नहीं बन सकती

4.हमें बड़ों के संपर्क में रहकर-

(क) छोटों की उपेक्षा नहीं करनी चाहिए।
(ख) किसी की कभी-कभी अवहेलना करनी चाहिए।
(ग) हमें केवल छोटों के संपर्क में रहना चाहिए।
(घ) इनमें से कोई नहीं।

5. निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए-

(क) दूध के फटने पर मक्खन प्राप्त होता है।
(ख) काव्याश में तद्भव शब्दों का प्रयोग हुआ है।
(ग) हमें छोटों की उपेक्षा नहीं करनी चाहिए।
(घ) सुई का काम तलवार नहीं कर सकती।

पद्यांश से मेल खाते वाक्यों के लिए उचित विकल्प चुनिए।

(i) (क), (ख), (घ)
(ii) (क), (ग), (घ)
(iii) (क), (ख), (ग), (घ)
(iv) (ख), (ग), (घ)

11.निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में दीजिए-

(क) दूसरे पद में कवि ने गरीब निवाजु किसे कहा है? रविदास के पदों के आधार पर स्पष्ट कीजिए

(ख) हमें अपना दुख दूसरों पर क्यों नहीं प्रकट करना चाहिए अपनी मां की व्यथा दूसरों से कहने पर उनका व्यवहार कैसा हो जाता है?

(ग) पहले पद में भगवान और भगत की किन-किन चीजों से तुलना की गई है उनका उल्लेख कीजिए।

(घ) जैसे चितवत चंद्र चकोरा पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।

प्र.12 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 50-60 शब्दों में दीजिए-

(क) भोजन के संबंध में लेखिका को अन्य पालतू जानवरों और गिल्लू में क्या अंतर नज़र आया?

(ख)किन कारणों से लेखक ने चिट्ठियों को कुएँ से निकालने का निर्णय लिया? स्मृति पाठ केआधार पर बताइए।

खंड - घ

13 निम्नलिखित विषय में से किसी एक विषय पर 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।

**(क)ऑनलाइन खरीददारी : समय की माँग**

(I)ऑनलाइन खरीददारी सेअभिप्राय

(II)बदलते समय की आवश्यकता

(III)खरीददारी करते समय संयम की आवश्यकता

(IV)खरीददारी के समय सावधानियाँ

**(ख)भारतीय किसान के कष्ट**

(I)अन्नदाता की कठिनाइयाँ

(II)कठोर दिनचर्या

(III)सुधार के उपाय

**(ग)प्लास्टिक की दुनिया**

(I)प्लास्टिक का आविष्कार और इसका उपयोग

(II)प्लास्टिक के गुण एवं दोष

(III)प्लास्टिक का पर्यावरण पर प्रभाव

14.अनजाने में हुई भूल के लिए क्षमा माँगतेहुए पिताजी को पत्र लिखिए।

अथवा

अपनेविद्यालय में हुए संगीत समारोह पर टिप्पणी करते हुए माँ को पत्र लिखिए।

15.. दिए गए चित्र को देखकर लगभग 100 शब्दों में वर्णन कीजिए।



16. यात्री और बस चालक के बीच होनेवाले संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए।

अथवा

देश मेंव्याप्त भ्रष्टाचार पर मोहित और राहुल दो मित्रों के बीच होने वाले संवाद को लिखिए।